# मॉडल स्कूल चंदेरी में स्थाई शिक्षकों का टोटा

## शैक्षणिक व्यवस्था टूटने से आधे दिन में हो रही छुट्टी, व्यवस्था सुधारने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** जिले का सर्वश्रेष्ठ और राज्य स्तर पर प्रतिष्ठित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी एक बार फिर विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के संकट में घिर गया है। हाल ही में शासन द्वारा अस्थायी शैक्षणिक व्यवस्थाएं (संबद्धता) समाप्त किए जाने के बाद यहां पदस्थ भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित के शिक्षक अपनी मूल संस्थाओं में वापस लौट गए हैं। इसका सीधा असर कक्षा 11वीं और 12वीं की विज्ञान कक्षाओं पर पड़ा है, जहां नियमित पढ़ाई ठप होने के कारण विद्यार्थियों को हाफ-डे (विश्राम अवकाश) के बाद ही छुट्टी देनी




पड़ रही है। इस समस्या को लेकर विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को एक शिकायती आवेदन सौंपा है। समिति के सदस्यों ने मांग की है कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए पूर्ववत शैक्षणिक व्यवस्था को तुरंत बहाल किया जाए, ताकि बच्चों को मजबूरी में निजी कोचिंग का सहारा न लेना पड़े। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष योगेश बिहारी चतुर्वेदी, अभिषेक सराफ, प्रमोद मिश्रा, मो. हारून अंसारी और मुशीर मोटामल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**शुरु से हीं नहीं है स्थाई रूप से स्टॉफः**

स्थापना से ही इस प्रतिष्ठित विद्यालय को कभी स्थायी शिक्षकीय स्टाफ नहीं मिल सका। सालों से प्रभारी प्राचार्य ही अकेले दम पर भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान की कक्षाएं लेकर व्यवस्था संभालते आ रहे थे। वहीं विद्यालय में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के छात्र पढ़ते हैं। अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान और गणित पढ़ाने वाले योग्य शिक्षकों का मिलना हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। वहीं गौर करने वाली बात ये है कि स्कूल जल्दी छूटने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को हो रही है। उनके पास न तो महंगी कोचिंग का विकल्प है और न ही शहर में रहकर पढ़ने की आर्थिक क्षमता। पिछले सत्र में अनुविभागीय अधिकारी की पहल और कलेक्टर अशोकनगर के अनुमोदन पर गणित शिक्षक सुधीर समैया और आशीष शर्मा के आने से पढ़ाई और प्रैक्टिकल का स्तर काफी सुधर गया था। लेकिन अब सभी के चले जाने से पूरा शैक्षणिक ढांचा चरमरा गया है।

# प्रशासन ने दो करोड़ शासकीय भूमि कराई मुक्त

**अशोकनगर।** जिला प्रशासन ने बुधवार को भू-माफियाओं और अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर साकेत मालवीय के कड़े निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम शंकरपुर पछार में मूल्यवान शासकीय भूमि को अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त कराया है। इस मुक्त कराई गई सरकारी जमीन का बाजारू मूल्य लगभग 2 करोड़ 20 लाख रुपये आंका गया है।

दरअसल अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान और तहसीलदार भारतेन्दु यादव के नेतृत्व में पहुंचे राजस्व दल ने यह कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक ग्राम शंकरपुर पछार स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 52, 114 और 115 कुल रकबा 1.118 हेक्टेयर पर अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रामक रामस्वरूप प्रजापति



द्वारा इस सरकारी जमीन पर अवैध रूप से सत्य विजय नाम से कॉलोनी काटी जा रही थी। जिसके चलते राजस्व दल ने मौके पर पहुंचकर तारफेंसिंग और सड़क के अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए शासकीय भूमि को पूरी तरह से खाली करा लिया है। वहीं गौर करने वाली बात ये है कि कालोनाइजर से जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले लोगों में प्रशासन की इस कार्यवाहीं से भय व्यप्त हो गया है और उन्हें अपने घर गिरने का डर सताने लगा है।

***इनका कहना है।***

*शासकीय भूमि को चिन्हित किया गया है, जिन लोगों ने शासकीय भूमि पर मकान बनाए उनसे दस्तावेज मांगे गये है। वहीं कालोनाइजर को नोटिस देकर नियमानुसार कार्यवाहीं की जाएगी।*

***भारतेंदु यादव,***
***तहसीलदार अशोकनगर।***

## एक नजर में



### अभाविप ने फूंका एनएसयूआई का पुतला

**अशोकनगर।** भोपाल में एनएसयूआई (NSI) के एक पदाधिकारी पर जनजातीय छात्रा के साथ दुष्कर्म के गंभीर आरोपों के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को अभाविप कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में एकत्रित होकर एनएसयूआई का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि यह आरोप सत्य हैं, तो यह घटना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। यह कृत्य महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और उनके अधिकारों पर एक गंभीर प्रहार है। छात्र संगठन ने स्पष्ट किया कि महिला सम्मान और सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण या दोहरा मापदंड बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। वहीं अभाविप ने मांग की है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के तहत सख्त से सख्त सजा दी जाए। वहीं प्रशासन मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय दिलाए। साथ ही ऐसी कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में इस प्रकार की घिनौनी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बेसहारा गौवंश पर आवारा कुत्तों का हमला गौसेवकों ने जताई चिंता

**अशोकनगर।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि अब बेसहारा गौवंश की जान पर बन आई है। आवारा कुत्तों के झुंड आए दिन लाचार गायों और बछड़ों को अपना निशाना बना रहे हैं। हर दिन शहर में कुत्तों द्वारा गायों को नोचने के 2 से 4 मामले सामने आ रहे हैं, जिससे गौसेवकों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व चिंता है।

हाल ही में नई मंडी के पास आवारा कुत्तों ने एक गाय को बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसके कान, पैर और पूंछ पर गंभीर घाव हो गए। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर घायल गाय का रेस्क्यू किया और उसे इलाज के लिए कोलुआ रोड स्थित दयोदय गौशाला भिजवाया।

गौसेवक अभिषेक मोहरी, रवि वंशकार, दिव्यांश यादव रिजोदा, रविंद्र झीला और निक्की यादव ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार नगर प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। कुत्तों का यह आतंक न केवल मवेशियों बल्कि राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी बड़ा खतरा बन चुका है। गौसेवकों ने जिला प्रशासन से आवारा कुत्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने और घायल गौवंश के त्वरित इलाज की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की है।

# 11 तोला सोना और दो लाख नकद ले उड़े चोर, बामौरीताल में 20 लाख की चोरी

## घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वाट के साथ शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बामोरीताल में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बनाते हुए करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। चोर घर के पिछवाड़े से अंदर घुसे और उस कमरे का ताला तोड़ दिया, जिसमें परिवार की जीवनभर की जमा पूंजी रखी थी। घटना के समय परिवार के सदस्य पास के कमरों में सो रहे थे, लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बामोरीताल निवासी महेंद्र सिंह रघुवंशी मंगलवार रात अपनी पत्नी के साथ एक कमरे में सो रहे थे। उनकी दो विवाहित बेटियां भी मायके आई हुई थीं और दूसरे कमरे में सो रही थीं। जिस कमरे में नकदी और आभूषण रखे थे,



उसमें कोई नहीं सो रहा था। इसी का फायदा उठाकर चोर घर के पिछवाड़े से अंदर घुसे और कमरे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बुधवार सुबह करीब सात बजे महेंद्र सिंह की पत्नी ने कमरे का ताला टूटा देखा और तत्काल पति को जानकारी दी। दरवाजा खोलने पर अंदर सामान बिखरा पड़ा था। आवाज सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। बक्से और बैग की जांच की गई तो उसमें रखे करीब 11 तोला सोने के आभूषण, तीन बड़े हार, एक छोटा हार, पांच अंगूठियां, दो लाख रुपये नकद, चांदी के छह पंचम जहाज और महिलाओं की चांदी की पायलें सहित अन्य जेवर व गायब मिले। परिवार ने घटना की सूचना तत्काल शाढ़ौरा थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी सुनील सिकरवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सुराग जुटाने के लिए डॉग स्क्वाड को भी गांव बुलाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि फिंगर प्रिंट टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंच रही है। पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

**खेत में मिले खाली बैगः**

बताया गया है कि चोर चोरी का सामान दो बैगों में भरकर ले गए थे। बाद में दोनों खाली बैग गांव से दूर एक खेत में पड़े मिले। जिस स्थान पर बैग मिले, वहां शराब की एक खाली बोतल भी पाई गई है। पुलिस ने बैग और बोतल को जांच के लिए कब्जे में लिया है। आसपास के रास्तों, खेतों और संदिग्ध लोगों संबंध में पूछताछ की जा रही है।



# जैन मुनि पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले दो गिरफ्तार

**अशोकनगर।** श्रद्धेय जैन मुनिश्री सुधासागर महाराज के संबंध में सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) पर आपत्तिजनक टिप्पणी प्रसारित करने के मामले में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की लगातार दबिश और बढ़ते दबाव के चलते मामले के दो फरार आरोपियों राहुल जैन और समीर जैन दोनों निवासी रामपुरा वार्ड सागर ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड पर लिया है।

दरअसल इस संवेदनशील मामले में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। आरोपी डॉ. रेखा जैन, समीर जैन और राहुल जैन घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस टीम ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए सागर, दमोह, जबलपुर, नागपुर और ललितपुर सहित कई संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी, जिसके बाद आरोपियों को सरेंडर करना पड़ा।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 352 एवं 353(2) के तहत अपराध क्रमांक 346/2026 दर्ज किया है। इस त्वरित कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक सत्येंद्र कुशवाह व टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर मामले की अग्रिम विवेचना में जुटी है।

# सनसनीखेज हत्या के मामले में आखरी आरोपी भी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला पुलिस ने बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा मथाना में रास्ते के विवाद को लेकर हुए चर्चित बृजेश गुर्जर हत्याकांड के अंतिम फरार आरोपी रामस्वरूप गुर्जर 46 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा चुकी है।

दरअसल बीती 27 जून 2026 को पुरा मथाना गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था, जिसमें बृजेश गुर्जर की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी।

सभी आरोपी सलाखों के पीछे:

पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पूर्व में मुख्य आरोपी शैतान सिंह सहित रामक्रेश, जितेंद्र, राजकुमार, लक्ष्मण उर्फ गोटीराम, फूल सिंह, श्यामसुंदर और यशपाल सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अंतिम फरार आरोपी रामस्वरूप को भी अब गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# देह व्यापार में लिप्त सीमा अहिरवार की संपत्ति की जांच शुरू

**पुलिस ने एक और एक केस किया दर्ज**

**प्रशासनिक टीम ने देखे उसके घर**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** देह व्यापार और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोपों से घिरी सीमा अहिरवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को पुलिस, राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने उसकी संपत्ति की जांच की, जिसके चलते संयुक्त टीम ने दीपेश कॉलोनी स्थित उसके निवास व उसके आसपास के क्षेत्र की जांच की। इसी कार्रवाई के बीच पुलिस ने सीमा अहिरवार के खिलाफ



ब्लैकमेलिंग का एक और नया मामला दर्ज किया है, जिसने इस पूरे प्रकरण को और अधिक गंभीर बना दिया है।

जांच के दौरान तहसीलदार भारतेंदु यादव ने बताया कि अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त सीमा अहिरवार के मकान और उसके आसपास के निर्माणों की बारीकी से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मौके पर दो मकान, एक प्लॉट और एक टीन शेड पाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से दो भवन बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से निर्मित किए गए हैं।

**दस्तावेजों की जांच के बाद होगी बड़ी कार्रवाई**

मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने संपत्ति का माप-जोख किया और भू-अभिलेखों की पड़ताल शुरू कर दी है। नगर पालिका के रिकॉर्ड्स से भवन निर्माण की स्वीकृतियों का मिलान किया जा रहा है। इस दौरान अधिकारियों का साफ कहना है कि यदि जांच में अवैध निर्माण की अंतिम पुष्टि होती है, तो नियमों के तहत बुल्डोजर चलाने जैसी सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कार्यक्रम** | **निजी स्कूल में हुआ आयोजन**

# नशे के प्रति पुलिस ने किया छात्रों को जागरूक

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल के द्वारा द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक निजी विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुंगावली थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राएं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। जिसमें बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है। भारत सर्वाधिक युवाओं शक्ति वाला देश है युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, और आज वही सबसे अधिक नशे में लिप्त है।

उन्होंने विद्यार्थियों से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराध, सामाजिक जिम्मेदारी और कानून के प्रति जागरूक रहने का भी संदेश दिया। उन्हें




स्वस्थ, अनुशासित एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। समाज को नशामुक्त बनाने में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

# सिंधिया आज देंगे क्षेत्र को सब स्टेशन की सौगात, कई कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** केंद्रीय मंत्री ओर क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान आज क्षेत्र को एक सब स्टेशन की सौगात देंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आने वाली समस्याओं से निजात मिल सके, सिंधिया के दौरे क देखते हुए विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने उनके स्वागत की भव्य तैयारी की जा रही है। साथ ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है सिंधिया इस बार विधानसभा के सभी क्षेत्रों में जाएंगे ओर आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेगे, बहादुरपुर, सहराई ओर



मुंगावली में कई कार्यक्रमों में वह शिरकत करने वाले है, सेमरखेड़ी ग्राम में विद्युत सब स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। वही केंद्रीय मंत्री द्वारा इस बार जिले की तीनों विधानसभा का भ्रमण करेंगे, कार्यक्रम स्थल का भाजपा मंडल द्वारा निरीक्षण किया गया और तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर जिला महा मंत्री नरेश ग्वाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, मंडल महा मंत्री रामबाबू दुबे, आधार सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही कर हितग्राहियों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष 14 जुलाई 2026 को जनसुनवाई में आवेदक श्री चैन सिंह पुत्र श्री मन्नू लाल चिढार निवासी ग्राम हैदर तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर द्वारा आर्थिक सहायता राशि 01 लाख रुपए का भुगतान करने हेतु आवेदन दिया था।उक्त संबंध में मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 (ब) दुर्घटना से स्थाई अपंगता अन्तर्गत न्यायालय कलेक्टर जिला अशोकनगर द्वारा आवेदक के पुत्र अजय पुत्र चैन सिंह चिढार निवासी ग्राम हैदर तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर को आर्थिक सहायता राशि 1,00,000 स्वीकृत की गई है। वर्तमान में संबंधित मद में उपलब्ध राशि में से मानवीय संवेदना के आधार पर तत्कालिक तौर पर हितग्राही को राशि रुपये 50 हजार रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई।

### शाढ़ौरा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर हरवीर रघुवंशी बने इंस्पेक्टर

अशोकनगर। शाढ़ौरा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी को पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं का फल मिला है। पुलिस मुख्यालय से मिली पदोन्नति के बाद बुधवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित एक सादे और समारोह में उन्हें इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने हरवीर सिंह रघुवंशी की वर्दी पर स्टार लगाए, उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नव-पदोन्नत इंस्पेक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी पिछले 8 महीनों से शाढ़ौरा थाने में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। अपनी पदोन्नति पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने बताया कि वे पिछले 38 वर्षों से पुलिस विभाग में अनवरत सेवा दे रहे हैं। अपने इस लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई थानों में थाना प्रभारी की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया है। जिले में भी वे पिछले 8 वर्षों से विभिन्न थानों में सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।